प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 14.03.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. उप निरीक्षक नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा 2025 का पहला दिन आज कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न : पांच लाख इकतीस हज़ार सात सौ पैंसठ अभ्यर्थी हुए परीक्षा में शामिल, कल आयोजित होगा दूसरा चरण।
2. प्रदेश भर में एलपीजी सिलेंडरों की कालाबाजारी पर कड़ी कार्रवाई : मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों से कहा– पेट्रोल, डीजल और एलपीजी सिलेंडरों की उपलब्धता बनाए रखने के लिए उठाय सभी आवश्यक कदम।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सहारनपुर में की विकास कार्यों और आगामी चत्र नवरात्रि मेले की तैयारियों की समीक्षा : सभी कामों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे किए जाने के दिए निर्देश। और
4. केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा मुरादाबाद में एक निजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में हुए सम्मिलित : कहा– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने तैयार किया विकसित भारत का आधार।

————————————

दो दिवसीय उप निरीक्षक नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा 2025 का पहला दिन आज कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। पहले दिन की परीक्षा में कुल पांच

लाख इकतीस हज़ार सात सौ पैंसठ अभ्यर्थी शामिल हुए। राजधानी लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, अयोध्या, जौनपुर, गाजियाबाद, मेरठ समेत सभी जिलों में प्रशासन ने लगातार निगरानी की। पुलिस भर्ती बोर्ड और प्रशासन को तरफ से परीक्षार्थियों के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। परीक्षा का दूसरा चरण कल आयोजित होगा। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड प्रदेश के 75 जनपदों के एक हजार नब्बे परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में आयोजन कर रहा है। परीक्षा केन्द्रों की सीसीटीवी से मॉनीटरिंग के लिये त्रिस्तरीय कन्ट्रोल और कमांड सेंटर व्यवस्था की गई है।

———————————

प्रदेश में आम नागरिकों को पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य एवं रसद विभाग और स्थानीय जिला प्रशासन द्वारा प्रदेशभर में आपूर्ति व्यवस्था की लगातार निगरानी के साथ निरीक्षण व छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में लगभग पन्द्रह सौ जगहों पर निरीक्षण और कार्रवाई की गई। मुज़फ्फरनगर में प्रदेश सरकार के मंत्री मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं कि पेट्रोल, डीजल और एलपीजी सिलेंडरों की उपलब्धता बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम सुनिश्चित किए जाएं। आपूर्ति व्यवस्था की निगरानी और किसी भी समस्या के

त्वरित समाधान के लिए खाद्ययुक्त कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। वहीं प्रदेश के सभी जनपदों में भी कंट्रोल रूम स्थापित कर दिए गए हैं। कुशीनगर के जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने बताया कि जिले पर स्थापित कंट्रोल रुम चौबीसे घण्टे सक्रिय रहेगा। बाइट.....

जो नंबर है हमारे कंट्रोल रुम के वो आप नोट भी कर सकते हैं। हम अपने सोशल मीडिया एकाउंट और मीडिया के माध्यम से भी इन नंबर्स को आपके बीच में हम लोग भेजेंगे। नंबर  है जीरो डबल फाइव सिक्स फोर यह कोड है हमारे डिस्ट्रिक्ट का। उसके बाद जो नंबर्स हैं वो चार नंबर हम लोगों ने रखे हैं टू फोर जीरो फाइव नाइन जीरो दूसरा है 297397 तीसरा है 297398 और चौथा है 297000 तो आप इन्हीं नंबरों का इस्तेमाल कर सकते हैं और अगर कोई भी बात है यह 24 घंटे तीन शिफ्ट्स में हमारे नंबर काम करते हैं। इसके लिए हमारी जो पुलिस और प्रशासनिक जो टीम्स हैं वो यहां पर काम कर रही हैं।

वहीं केंद्र सरकार ने घरों, अस्पतालों, शिक्षण संस्थानों और अन्य आवश्यक सेवाओं को निर्बाध ईंधन आपूर्ति का आश्वासन दिया ह। रिफाइनरियों में घरेलू एलपीजी उत्पादन में 30 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की गई है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि घरेलू पीएनजी और वाहनों के लिए सीएनजी की आपूर्ति बिना किसी कटौती के सुनिश्चित की जा रही है। बाइट.....

*नेचुरल गैस ऑर्डर नौ मार्च, 2026 को जो इशू हुआ थाकंट्रोल ऑर्डर उसमें कई सैक्टर्स को प्रायोटाइज किया गया है और उसी ऑर्डर के क्रममें*

*पीएनजी डोमेस्टिक सप्लाई और सीएनजी को बिना किसी कट के पीएनजी सप्लाई इन्श्योरकी जा रही है और इस स्थिति में पैनिक की कोई आवश्यकता नहीं है।*

———————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कोलकाता से वर्चुअली पुरुलिया–आनंद विहार टर्मिनल एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के बीच रेल संपर्क मजबूत होगा। इस नई रेल सेवा से प्रदेश की राजधानी लखनऊ सहित चंदौली, वाराणसी, अयोध्या, बरेली और मुरादाबाद रेलवे स्टेशन जुड़ गए हैं।

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सहारनपुर में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने आगामी चत्र नवरात्रि मेले की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सभी विकास कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे किए जाएं। श्री योगी ने मां शाकंभरी देवी पीठ में दर्शन पूजन किया और यहां चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन स्मृति–चिह्न विक्रय केंद्र, शौचालय परिसर, पर्यटक सुविधा केंद्र तथा बहु–स्तरीय वाहन पार्किंग का निरीक्षण किया।

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार पिछले 11 वर्ष से देश को विकसित व आत्म निर्भरभारत बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। देश की अर्थव्यवस्था ने छलांग लगाई है और अब हम विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं। केंद्रीय मंत्री आज मुरादाबाद में एक निजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। बाइट.......

*पिछले ग्यारह वर्षों में मोदी जी के नेतृत्व में चलने वाली सरकार ने एक प्लेटफार्म बनाया, एक बेस बनाया जहां से हम आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत अमृत भारत से निकलकर आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के लिए एक लंबी छलांग लगाने के लिए आज भारत तैयार है।*

——————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 19 मार्च को अयोध्या पहुंचेंगी। राष्ट्रपति प्रभु श्रीरामलला के दर्शन के साथ विविध धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होंगी। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रपति लगभग चार घंटे तक अयोध्या में रहेंगी। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने आज इसकी जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रपति मंदिर के द्वितीय तल पर श्रीराम यंत्र का विधि–विधान से पूजन करेंगी। बाइट.....

*सामान्य रूप से ग्यारह बजे उनका आगमन होगा और संभवतः तीन बजे वह वापस प्रस्थान करेंगी। मंदिर परिसर में मुख्य मंदिर के दूसरे तल पर गर्भगृह में श्री राम यंत्र का पूजन करेंगी, स्थापन होगा।*

सुरक्षा व्यवस्था के तहत कार्यक्रम में मोबाइल फोन और हथियारों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा, राष्ट्रपति के कार्यक्रम के दौरान आम श्रद्धालु श्री रामलला के दर्शन नहीं कर सकेंगे। राष्ट्रपति के दौरे के संबंध में अयोध्या के एसएसपी गौरव ग्रोवर ने कहा, सभी तैयारियां तेजी से चल रही हैं। सुरक्षा बल तैनात कर दिए गए हैं। बाइट.....

*सभी तैयारियां जो हैं वो समयबद्ध तरीके से चल रही हैं। सुरक्षा के सभी मानकों को दृष्टिगत रखते हुए जहां जहां वीआईपी का विजिट होना है, वहां पर गेस्ट हाउस की जो नोडल ऑफिसर के रूप में तैनाती कर दी गई है। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी वहां पर स्थलीय निरीक्षण के माध्यम से सभी तैयारियों को पूर्ण कर रहे हैं। सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से पूरे मार्ग को और कार्यक्रम स्थल को आच्छादित किया गया है*

————————————

मिर्जापुर जिले के विंध्यवासिनी धाम में आगामी चत्र नवरात्र मेले को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने मेला क्षेत्र को 10 जोन और 21 सेक्टर में विभाजित किया है। वहीं मंडलायुक्त विन्ध्याचल मंडल राजेश प्रकाश और पुलिस महानिरीक्षक आरपी सिंह ने आज विंध्याचल स्थित प्रशासनिक भवन में बैठक कर चत्र नवरात्र मेले की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने 17 मार्च तक सभी तैयारियां पूरी कर लेने के निर्देश दिए हैं।

———————————

प्रदेश में चीनी व सिंथेटिक मांझे पर प्रतिबंध को लेकर प्रदेश क सभी पुलिस अफसरों को निर्देश जारी किए गए हैं। प्रदेश के अपर पुलिस महानिदेशक क़ानून व्यवस्था अमिताभ यश ने कहा है कि मांझे का निर्माण, बिक्री और इस्तेमाल पूरी तरह बंद होना चाहिए, जो भी इसका उपयोग करें, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए। बाइट.....

*माननीय उच्च न्यायाल, एनजीटी उत्तर प्रदेश शासन और पुलिस मुख्यालय के निर्देशों के अनुपालन में पूरे प्रदेश में एक विशेष अभियान चलाया गया है। सभी पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि इस प्रतिबंध का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।*

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वन विभाग को गर्मी के मौसम में जंगलों में आग की घटनाओं से बचाव के उपाय लागू करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में वन विभाग ने

ऐसी घटनाओं पर निगरानी और रोकथाम के लिए मुख्यालय से लेकर प्रभागीय स्तर पर नियंत्रण कक्ष बनाया है। प्रदेश की मुख्य वन संरक्षक प्रचार प्रसार अदिति शर्मा ने बताया कि वन अग्नि नियंत्रण के लिए सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।

————————————

प्रदेश भर में आज लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसके अन्तर्गत बीमा, मोटर वाद, बैंकिंग और अन्य समझौता योग्य मामलों का बड़ी संख्या में निस्तारण हुआ। अमरोहा में जनपद न्यायाधीश विवेक ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से आमजन को त्वरित, सुलभ एवं सस्ता न्याय उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाता है।

(समाप्त)